नवभारत
ग्वालियर, सोमवार, 27 जुलाई, 2026

400 साल पुरानी तोप चोरी का खुलासा : राजस्थान तक दौड़ी पुलिस, 15 दिन बाद दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 26 जुलाई। नरवर के ऐतिहासिक किले से सैकड़ों वर्ष पुरानी तोप चोरी कर पुलिस और पुरातत्व विभाग को चुनौती देने वाले बदमाश आखिरकार कानून के शिकंजे में आ गए। करीब 15 दिन तक मध्यप्रदेश से राजस्थान तक चली हाई-प्रोफाइल पड़ताल के बाद शिवपुरी पुलिस और करौली (राजस्थान) पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों

वारदात में इस्तेमाल पिकअप जब्त

को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल महिंद्रा बोलेरो पिकअप आरजे 34 जीए 2980 भी जब्त कर ली है। हालांकि चोरी गई ऐतिहासिक तोप की तलाश अभी जारी है और पुलिस को जल्द बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है।

15 जुलाई की रात नरवर किले के कचहरी महल से अज्ञात बदमाशों ने वहां सुरक्षित रखी 14 ऐतिहासिक तोपों में से एक तोप चोरी कर ली थी। अगले दिन ड्यूटी पर पहुंचे पुरातत्व विभाग के चौकीदार रमेश कोली ने तोप गायब देख अधिकारियों को सूचना दी। मामला ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ा होने के कारण पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और थाना नरवर में भारतीय

न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विशेष जांच शुरू की गई। पुलिस महानिरीक्षक अरविंद कुमार सक्सेना और उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने मामले को प्राथमिकता देते हुए आरोपियों पर पहले 10 हजार रूपए का इनाम घोषित किया। गिरफ्तारी में देरी होने पर इनाम बढ़ाकर 30 हजार रूपए कर दिया गया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति और एसडीओपी प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान साइबर सेल ने सीसीटीवी फुटेज, टोल प्लाजा कैमरों और तकनीकी साक्ष्यों की बारीकी से पड़ताल की।

इसी दौरान वारदात में इस्तेमाल महिंद्रा बोलेरो पिकअप का रजिस्ट्रेशन नंबर आरजे 34 जीए 2980 सामने आया। पुलिस ने वाहन की लोकेशन और मूवमेंट का पीछा करते हुए राजस्थान के करौली जिले तक सुराग जोड़ दिए। करौली जिले के पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम ने भी शिवपुरी पुलिस का सहयोग किया। 25 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी नरवर टीआई विनय यादव एवं थाना प्रभारी सुभाषपुरा उपनिरीक्षक अरविंद सिंह चौहान के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर अमन कुमार मीना निवासी पालनपुर, थाना सदर हिण्डौन, जिला करौली तथा टिम्मू राम मीना निवासी गांवडा मीना थाना सदर, जिला करौली (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त करीब 6 लाख रूपए कीमत की महिंद्रा बोलेरो पिकअप जब्त कर ली गई। पुलिस अब दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। जांच का फोकस चोरी गई ऐतिहासिक तोप की बरामदगी और इस अंतरराज्यीय वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी पर है। इसके लिए विशेष पुलिस टीम को दोबारा राजस्थान भेजा गया है। नरवर किले की ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ी इस चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े किए थे, लेकिन तकनीकी जांच, साइबर ट्रैकिंग, सीसीटीवी विश्लेषण और मध्यप्रदेश-राजस्थान पुलिस के प्रभावी समन्वय ने यह साबित कर दिया कि अपराधी चाहे कितनी भी दूर भाग जाएं, कानून की पकड़ से बच नहीं सकते। अब सबकी निगाहें उस ऐतिहासिक तोप की बरामदगी पर टिकी हैं, जिसे पुलिस जल्द बरामद करने का दावा कर रही है। इस कार्रवाई में एसडीओपी प्रशांत शर्मा, टीआई विनय यादव, थाना प्रभारी सुभाषपुरा अरविंद सिंह चौहान, सायबर सेल प्रभारी धर्मेन्द्र जाट, चौकी प्रभारी अभिमन्यु राजावत, उपनिरीक्षक मनोज सरयाम, सहायक उपनिरीक्षक राधाकृष्ण बंजारा, सतीष जयन्त, प्रधान आरक्षक प्रभजोत सिंह, आरक्षक नरेन्द्र सिंह मौर्य, भूपेन्द्र सिंह, शिवराज यादव, रोहित उपाध्याय तथा डीएसटी करौली प्रभारी राम कुमार सहित शिवपुरी और करौली पुलिस की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

न नशा... न गाली : अजाक थाना प्रभारी आचार्य डॉ. रणजीत सिंह का ऐतिहासिक शपथपत्र, वचन टूटा तो नौकरी छोड़ने तक तैयार

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 26 जुलाई। पुलिस की वर्दी केवल कानून लागू करने का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज के लिए आदर्श भी हो सकती है इसे साबित किया है शिवपुरी के अजाक थाना प्रभारी आचार्य डॉ. रणजीत सिंह रघुवंशी ने। उन्होंने 50 रुपये के गैर-न्यायिक स्टाम्प पर आजीवन नशामुक्त और गाली-मुक्त जीवन जीने का शपथपत्र देकर एक अनूठी मिसाल पेश की है।

23 जुलाई 2026 को जारी शपथपत्र में डॉ. रघुवंशी ने स्पष्ट घोषणा की है कि वे जीवनभर चाय, कॉफी, बीड़ी, सिगरेट, शराब, मांस, मछली, अंडा सहित किसी भी प्रकार के नशे या व्यसन का सेवन नहीं करेंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने किसी भी व्यक्ति के लिए अपशब्द या गाली का प्रयोग न करने का भी आजीवन संकल्प



लिया है।

इस पहल की सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि उन्होंने शपथपत्र में स्वयं लिखा है कि यदि भविष्य में उनकी किसी भी घोषणा का उल्लंघन सिद्ध होता है, तो पुलिस विभाग यदि उन्हें सेवा से पृथक करता है, तब भी उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। एक पुलिस अधिकारी का ऐसा आत्मअनुशासन और सार्वजनिक संकल्प पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है। लोग इसे केवल व्यक्तिगत प्रतिज्ञा नहीं, बल्कि समाज को नशामुक्त, संयमित और संस्कारित जीवन की दिशा में प्रेरित करने वाली ऐतिहासिक पहल मान रहे हैं।

10वीं पास छात्र सीधे पॉलीटेक्निक में ले सकते हैं प्रवेश, 12 अगस्त तक है मौका

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 26 जुलाई। जिन छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10वीं पास कर ली है और इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहते हैं, उनके लिए एक अच्छा मौका है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, छत्री रोड, शिवपुरी में रिक्त सीटों पर सीधे 10वीं के अंकों के आधार पर डिप्लोमा इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया जा सकता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखाओं में प्रवेश ले सकते हैं।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में रिक्त सीटों पर चल रही संस्था स्तरीय काउंसलिंग

संस्था स्तरीय काउंसलिंग में शामिल होने के लिए पहले एमपी ऑनलाइन की वेबसाइट www. dte. mponline.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करें। यह प्रक्रिया 12 अगस्त 2026 तक चलेगी। अधिक जानकारी के लिए इन मोबाइल नंबरों 7000149795, 9713546528, 8982520726, 9329073104, 9424417093, 8871741488 पर संपर्क किया जा सकता है।

व्यापार को नया आयाम देगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स : प्रिंस

नवभारत न्यूज

सीहोर 26 जुलाई. शहर के व्यापारिक विकास को नई दिशा देते हुए रविवार को राजा भोज कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया गया. 2 करोड़ की लागत से निर्मित इस आधुनिक कॉम्प्लेक्स में 40 दुकानों का निर्माण किया गया है, जिससे स्थानीय व्यापारियों को बेहतर एवं व्यवस्थित व्यावसायिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी. लोकार्पण के अवसर पर कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों व नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला.

इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि राजा भोज काम्प्लेक्स शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह परिसर व्यापारियों को बेहतर

- **दो करोड़ की लागत से बने शापिंग कॉम्प्लेक्स का लोकर्पण**
- **वीडियो में कई लोगों से राशि लेने का किया उल्लेख**

वातावरण उपलब्ध कराएगा और शहर की आर्थिक गतिविधियों को भी गति देगा. नपा लगातार ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों और व्यापारियों को मिले. उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल निर्माण कार्य करना नहीं, बल्कि शहर को व्यवस्थित, सुंदर व सुविधायुक्त बनाना है.कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, पार्षद विजेंद्र परमार, दिनेश कुशवाहा, कमलेश राठौर, प्रदीप बिजोरिया, आशीष गहलोत, प्रदीप गौतम, अर्जुन राठौर, कमलेश कुशवाहा, लोकेंद्र वर्मा, नरेंद्र राजपूत, अजय पाल, राहुल राय सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं व्यापारी उपस्थित थे.

जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 26 जुलाई। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला शिवपुरी द्वारा रविवार को शासकीय पीएम श्री श्रीमंत माधवराव सिंधिया महाविद्यालय के विधि विभाग सभाकक्ष में

पद्मश्री मोहन नागर का सम्मान, महाविद्यालय परिसर में हुआ पौधारोपण

परिषद के उपाध्यक्ष एवं पद्मश्री से सम्मानित मोहन नागर के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड ने कहा कि मोहन नागर को पद्मश्री सम्मान मिलना पूरे परिषद परिवार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने शिवपुरी जिले में परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए स्वैच्छिकता, सामूहिकता और सामाजिक विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि पद्मश्री मोहन नागर ने जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा बावड़ियों सहित पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण और आमजन की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में परिषद के संभागीय समन्वयक सुशील बरूआ, जिला समन्वयक डॉ. रीना शर्मा, विभिन्न विकासखंडों के समन्वयक, नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन महेश परिहार ने किया, जबकि आभार शिशुपाल सिंह जादौन ने व्यक्त किया।

नर सेवा ही नारायण सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण है अपना घर आश्रम : देवेंद्र जैन

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 26 जुलाई। समाज के बेसहारा, असहाय एवं पीड़ित लोगों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। बांसखेड़ी स्थित अपना घर आश्रम निस्वार्थ मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यह बात शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन ने रविवार को अपना घर आश्रम के 9वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

समारोह का आयोजन माँ माधुरी बृजवारिस सेवा सदन अपना घर संस्था, भरतपुर (राजस्थान) के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डॉ. बी. एम. भारद्वाज, पूर्व विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, वरिष्ठ पत्रकार आलोक एम. इंदौरिया, विपिन शुक्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि आश्रम में आने वाले प्रत्येक असहाय एवं पीड़ित व्यक्ति को %प्रभुजी% मानकर उनकी देखभाल, भोजन, उपचार एवं पुनर्वास की व्यवस्था पूरी निष्ठा और आत्मीयता के साथ की जाती है। पिछले नौ वर्षों से यह सेवा कार्य निरंतर जारी है और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है।

इस अवसर पर विधायक देवेंद्र जैन एवं संस्था के संस्थापक डॉ. बी. एम. भारद्वाज ने शहरवासियों और समाजसेवियों से अपील की कि वे इस पुनीत सेवा अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सेवा और आश्रय से वंचित न रहे। कार्यक्रम का समापन अतिथियों के सम्मान एवं सेवा संकल्प के साथ हुआ।

आदिवासी समाज ने निकाली बाइक रैली

सीहोर 26 जुलाई. सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ मांझी पंचायत द्वारा रविवार को इलाई माता वार्षिक पूजन महोत्सव के अवसर पर शहर में भव्य बाइक रैली निकाली गई. रैली का शहर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया. कार्यक्रम के अंत में अभिषेक, हवन, महाआरती एवं सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की शुरुआत केवट चौराहा स्थित महाराजा निषाद चौक एवं हनुमान मंदिर में महाराजा निषाद और भगवान हनुमान के विधिवत पूजन-अर्चन से हुई. इसके बाद मुख्य संरक्षक मनोहर रायकवार बाबा के मार्गदर्शन तथा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार के नेतृत्व में भव्य बाइक रैली निकाली गई.बाइक रैली कोतवाली चौराहा, सराय चौराहा, पान चौराहा, बड़ा बाजार, अटल चौराहा, तहसील चौराहा, भोपाली फाटक, तिलक पार्क एवं बजरिया रोड़ होते हुए इलाई माता मंदिर पहुंची. रैली में शामिल समाजजनों ने हनुमान फाटक मंदिर एवं कुलदेवी इलाई माता मंदिर में निशान ध्वज अर्पित किए.

खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक कराएं

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 26 जुलाई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ सीजन 2026 के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। कृषि विभाग ने जिले के सभी कृषकों से समय सीमा के भीतर अपनी फसलों का बीमा कराने की अपील की है, ताकि प्राकृतिक आपदा या प्रतिकूल मौसम से फसल नुकसान होने पर उन्हें आर्थिक सहायता मिल सके।

ऋणी और अऋणी दोनों किसान करा सकते हैं बीमा

जिन किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण लिया है, उनका फसल बीमा संबंधित बैंक के माध्यम से किया जाएगा। ऐसे किसान अपनी बैंक शाखा से संपर्क कर बीमा की प्रक्रिया पूरी

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए कृषकों से समय पर आवेदन करने की अपील

करें। जिन किसानों की केसीसी कालातीत (डिफॉल्टर) हो गई है या जो अऋणी श्रेणी में हैं, वे भी फसल बीमा करा सकते हैं। इसके लिए वे निकटतम सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंक, जन सेवा केंद्र या एमपी ऑनलाइन केंद्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

बीमा के लिए ये दस्तावेज जरूरी

फसल बीमा कराने के लिए एग्रीस्टैक किसान आईडी, मोबाइल नंबर से लिंक आधार कार्ड, भू-अधिकार ऋणी पुस्तिका, बैंक पासबुक, स्व-प्रमाणित बुवाई प्रमाण पत्र तथा बटाई पर खेती करने वाले किसानों के लिए शपथ पत्र आवश्यक है। जिले में खरीफ सीजन के लिए सिंचित एवं असिंचित धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, तुअर, उड़द, मूंग, सोयाबीन और मूंगफली अधिसूचित फसलें हैं। इन फसलों का बीमा निर्धारित बीमित राशि के 2 प्रतिशत प्रीमियम के साथ कराया जा सकता है। कृषि विभाग ने सभी कृषकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते फसल बीमा कराएं, ताकि फसल नुकसान की स्थिति में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

खबर का असर : छर्च अस्पताल में डॉक्टरों की ड्यूटी तय, स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया

नवभारत न्यूज

पोहरी 26 जुलाई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छर्च में डॉक्टरों की कमी और मरीजों के झोलाछापों के भरोसे इलाज कराने को मजबूर होने संबंधी समाचार प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया। खबर के प्रकाशन के तत्काल बाद खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोहरी ने छर्च अस्पताल में सप्ताहभर के लिए चिकित्सकों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए आदेश जारी कर दिया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को डॉ. अनिल रावत, मंगलवार को डॉ. देवेश धाकड़, बुधवार को डॉ. राजू सिंह, गुरुवार को डॉ. राहुल धाकड़, शुक्रवार को डॉ. जितेंद्र धाकड़ तथा शनिवार को डॉ. अंकुश धाकड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छर्च में अपनी सेवाएं देंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के ड्यूटी में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा तथा ड्यूटी के दौरान एमएलसी सहित सभी आवश्यक चिकित्सकीय कार्य संबंधित डॉक्टर ही करेंगे।

गौरतलब है कि रविवार को प्रकाशित समाचार में छर्च अस्पताल में नियमित

छर्च अस्पताल में डॉक्टर नदारद, झोलाछापों के भरोसे मरीज

सड़क भी बदहाल, इलाज भी बेहाल, बीएमओ बोले - पत्र जारी, वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन के बाद होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

पोहरी 25 जुलाई। पोहरी विकासखंड के छर्च क्षेत्र में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली एक बार फिर सामने आई है। सरकारी अस्पताल में नियमित चिकित्सक की नियुक्ति नहीं होने से हजारों ग्रामीण झोलाछाप चिकित्सकों से इलाज कराने को मजबूर हैं। हालत यह है कि मामूली बीमारी से लेकर गंभीर मरीजों तक को सरकारी अस्पताल से निराश होकर झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिलने के कारण मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। समय पर इलाज न मिलने से कई बार स्थिति गंभीर हो जाती

है, वहीं निजी इलाज के कारण गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ पोहरी-छर्च मार्ग भी लोगों की परेशानी का बड़ा कारण बना हुआ है। वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के कारण मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, जिससे कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधियों ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सड़क निर्माण के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज तक न अस्पताल में स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति हो सकी और न ही सड़क का निर्माण कराया गया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि छर्च के सरकारी अस्पताल में तत्काल नियमित चिकित्सक की पदस्थापना की जाए तथा पोहरी-छर्च सड़क का शीघ्र निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और सुगम आवागमन मिल सके।

इनका कहना है...
वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेज दिया है, मार्गदर्शन प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
डॉ. द्वारका धाकड़, बीएमओ पोहरी

चिकित्सकों की अनुपस्थिति, हजारों ग्रामीणों के झोलाछापों पर निर्भर रहने और बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। साथ ही पोहरी-छर्च मार्ग की जर्जर स्थिति को भी उजागर किया गया था, जिससे मरीजों को अस्पताल पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

समाचार के प्रकाशन के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल ड्यूटी आदेश जारी करना यह दर्शाता है कि मीडिया द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दे पर प्रशासन ने संज्ञान लिया है। हालांकि अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यह व्यवस्था केवल आदेश तक सीमित रहेगी या चिकित्सक नियमित रूप से अस्पताल पहुंचकर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगे।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि अब अस्पताल में नियमित चिकित्सकीय सेवाएं मिलेंगी और वर्षों से चली आ रही स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से उन्हें राहत मिलेगी। वहीं ग्रामीणों ने पोहरी-छर्च सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग भी दोहराई है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।

इनका कहना है ...

छर्च में ओपीडी के लिए प्रतिदिन डाक्टरों की ड्यूटी लगाई है, अब प्रतिदिन डाक्टर रहेंगे और मरीजों का इलाज करेंगे।

द्वारिका धाकड़, बीएमओ पोहरी

प्रस्फुटन समिति के कार्यों की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

सीहोर 26 जुलाई. जन अभियान परिषद द्वारा प्रस्फुटन शक्ति संचय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय उपस्थित रहीं.

बैठक में विभिन्न प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों ने अपने कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किए एवं ग्राम विकास से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की गई. पारुल उपाध्याय ने कहा कि समितियांसामाजिक परिवर्तन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं. योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना परिषद के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है. सभी समितियों से नियमित बैठकें आयोजित करने, जनभागीदारी बढ़ाने तथा स्वच्छता, नवांकुर सखियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण जैसे अभियानों को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया. आगामी माह की गतिविधियों के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की गई. प्रदीप सिंह सेंगर ने अगस्त में होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया कि 12 अगस्त को स्वच्छता पर्व पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम, हरियाली यात्रा, एक पेड़ मां के नाम अभियान, तिरंगा यात्रा तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम एवं प्रचार-प्रसार को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाएगा.